**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय

# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में डा. वाईएल नेने की कर्मस्थली पर मनाया 89वां जन्मदिन

पंतनगर। 20 नवम्बर 2025। विश्वविद्यालय में एशियन एग्री–हिस्ट्री फाउंडेशन (एएएचएफ) के फाउन्डर व चेयरमेन अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त स्वर्गीय डा. वाईएल नेने जी के 89वें जन्मदिन समारोह के उपलक्ष्य में डा. नेने की कर्मस्थली कृषि महाविद्यालय के पादप रोग विभाग के डा. आर.एस. सिंह सेमिनार हॉल में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. सुभाष चन्द्र की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस उपलक्ष्य में डा. राजीव कुमार, प्राध्यापक सस्य विज्ञान विभाग द्वारा स्वागत किया गया। एशियन एग्री–हिस्ट्री फाउंडेशन के सदस्य डा. ए.के. उपाध्याय, प्राध्यापक, पब्लिक हेल्थ एण्ड एपीडीमीलॉजी एवं कार्यकारी सचिव एएएचएफ व पादप रोग विभाग के विभागध्यक्ष डा. योगेन्द्र सिंह ने डा. नेने द्वारा कृषि जगत में आम व पादप रोगों के प्रंबधन में खास दी गई सेवाओं पर अपने–अपने विचार रखें। डा. नेने द्वारा भारत वर्ष की कृषि की समृद्ध विरासत को सर्वसाधारण विज्ञानिकों के मध्य पुनः स्थापित करने हेतु लगभग 22 वर्षो तक किये गये प्रयासों पर गंभीर चर्चाएं हुई। कार्यक्रम में एएएचएफ द्वारा वित्त पोषित विभिन्न विभागों के शोधार्थी एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता के छात्रों जिन्होंने वृक्षायुर्वेद आधारित प्राकृतिक खेती विषयक पर वाद–विवाद प्रतियोगिता तथा प्राकृतिक खेती विषयक प्रशिक्षण सम्बधित प्रशिक्षकों को प्रमाण–पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम में एएएचएफ द्वारा मुद्रित भारतीय कृषि विरासत का कालक्रम विषयक पर काफी टेबल पुस्तक का विमोचन विशिष्ट अतिथियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पीजी व पीएचडी के छात्र, छात्राएं, विभागाध्य क्ष, संकाय सदस्य, विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. राजीव कुमार, प्राध्याप सस्य विज्ञान विभाग द्वारा किया गया व धन्यवाद प्रस्ताव डा. अमित केशरवानी, सहायक प्राध्यापक, सस्य विज्ञान विभाग द्वारा किया गया।

